# The Wooden Bowl

# लकड़ी का कटोरा



Ramona Moreno Winner


Illustrations: Nicole Gray



Before my grandfather came to stay with us, I was the one who would get blamed for leaving the toilet seat up, for scattering crumbs around the table when I ate, and for emitting sound that make the air smelly. But since grandfather came, I now have a friend and partner in crime.

दादाजी के हमारे साथ रहने से पहले, शौचालय की सीट को गन्दा करना, खाने पर मेज के चारों ओर टुकड़े बिखेरना और हवा में बदबूदार गैसें निकालने के लिए अकेले मुझे ही दोषी ठहराया जाता था. लेकिन जब से दादाजी आए हैं, वो इस अपराध में मेरे एक दोस्त और साथी बन गए हैं.





Grandfather Is very old. His hands tremble a lot and he can’t see very well. He moves kind of slow and he can't hurry to dinner like I can when Mom calls out.

दादाजी बहुत बूढ़े हैं. उनके हाथ बहुत कांपते हैं. वो ठीक से देख भी नहीं पाते हैं. वो बहुत धीमे-धीमे चलते हैं इसलिए माँ के बुलाने पर वो रात के खाने के लिए जल्दी नहीं आ पाते हैं जैसे मैं आता हूं.




I try not to notice, but he sometimes spills his milk on the tablecloth when he reaches for his glass and his spoon shakes so hard in his hand that food drops around his plate and onto the floor. He says it's because his hands don't want to listen to him anymore.

अक्सर जब दादाजी अपने गिलास को उठाते हैं तो कभी-कभी उनके गिलास का दूध मेज़पोश पर गिर जाता है. और जब वो चम्मच उठाते हैं तो उनका हाथ इतनी जोर से कांपता है कि खाना उनकी प्लेट के आसपास और फर्श पर गिर जाता है. दादाजी कहते हैं कि वो इसलिए होता है क्योंकि अब उनके हाथ उनकी बात नहीं सुनते हैं.

I know he doesn't do these things on purpose because this happens to me sometimes too. When Mom and Dad get this awful look on their faces, I just want to hide. I bet Grandfather feels the same way.




मैं जानता हूं कि दादाजी ऐसा जानबूझकर बिल्कुल नहीं करते यहीं क्योंकि मेरे साथ भी कभी-कभी ऐसा ही होता है. तब माँ और पिताजी अपना चेहरा इतना बिगाड़ते हैं कि मैं बस उनसे छिपना चाहता हूँ. मुझे यकीन है दादाजी भी वैसा ही महसूस करते होंगे.





One evening I noticed a small table set in the corner of our dining room. When we came for dinner, Dad put Grandfather at the small table where Grandfather sat and ate dinner alone.

एक शाम मैंने देखा कि हमारे भोजन कक्ष के कोने में एक छोटी सी मेज रखी थी. जब हम रात के खाने के लिए आए, तो पिताजी ने दादाजी को उस छोटी मेज पर बिठाया, जहाँ दादाजी ने अकेले बैठकर खाना खाया.



Mom and Dad would look over to his table whenever they heard his fork fall, or his glass tip over, or a plate break. Although they would help him, they would huff a lot and say things like, "now what?"

माँ और पिताजी जब भी दादाजी के कांटे के गिरने, या उनके गिलास के लुढ़कने या प्लेट टूटने की आवाज सुनते थे, तो वे दादाजी की मेज की ओर देखते थे. हालाँकि वे दादाजी की मदद करते थे, वे बहुत भी गुस्सा होते थे और कहते थे, "अब और क्या?"


I sat there in my own seat looking at Grandfather while his eyes filled with tears. I felt so bad because I knew he didn't do these things intentionally; they just happened.

मैंने अपनी सीट से दादाजी को देखा. उनकी आँखों में आँसू भर आए थे. मुझे बहुत बुरा लगा क्योंकि मुझे पता था कि दादाजी ने वो सब जानबूझकर नहीं किया था. बुढ़ापे में वो अपना नियंत्रण खो बैठे थे इसीलिए वैसा होता था.




One day at dinner, I saw Mom serve Grandfather his dinner in a large wooden bowl. I asked, "Why is grandfather eating out of a big bowl? Why can't he eat at the table with us?"

Dad said it was because he was messy and broke too many dishes. I felt very bad for Grandfather; I would hate my food to run all together in a big bowl.



एक दिन रात के खाने के समय मैंने देखा कि माँ एक बड़े लकड़ी के कटोरे में दादाजी को खाना परोस रही थीं. मैंने पूछा, "आज दादाजी बड़े कटोरे में क्यों खा रहे हैं? वो हमारे साथ टेबल पर क्यों नहीं खा सकते?"

पिताजी ने कहा कि ऐसा इसलिए था क्योंकि दादाजी चारों ओर गंदगी फैलाते थे और उन्होंने कई डिश तोड़े थे. मुझे दादाजी के लिए बहुत बुरा लगा. मुझे एक बड़े कटोरे में अपने भोजन के सभी व्यंजनों को मिलाकर खाना, बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता.



The next day, when my parents went out after dinner, I found some long, thin wood scraps in the garage and brought them into the living room along with a glue stick and some tape. I began forming them into round circles, thinking I would glue them together. Later, when Mom and Dad came home, Mom asked "What are you making, Diego?" I said, "I am making wooden bowls for you and Dad to eat your food when I grow up."


अगले दिन, जब मेरे माता-पिता रात के खाने के बाद बाहर गए, तो मुझे गैरेज में लकड़ी की कुछ लंबी पट्टियां मिलीं. फिर मैं उन पट्टियों को, गोंद और कुछ टेप को अपने कमरे में लाया. मैंने उन पट्टियों का एक गोल घेरा बनाना शुरू किया, यह सोचकर कि मैं उन्हें एक-साथ आपस में चिपका दूंगा. बाद में, जब माँ और पिताजी घर आए, तो माँ ने मुझ से पूछा "तुम क्या बना रहे हो, डिएगो?"

मैंने कहा, "माँ, मैं आपके और पिताजी के खाने के लिए एक लकड़ी का बड़ा कटोरा बना रहा हूँ जिससे बुढ़ापे में आप उसमें से खा सकें."




As I looked into their faces, they were without words. Tears streamed down their cheeks. Although no words were spoken, both Mom and Dad knew what they must do. They would never want to be treated as they were treating Grandfather.

फिर मैंने उनके चेहरों को देखा. उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा पर उनकी आँखों से आंसू छलकने लगे. हालाँकि उन्होंने एक भी शब्द नहीं कहा, लेकिन माँ और पिताजी दोनों समझ गए कि उन्हें क्या करना चाहिए था. वे नहीं चाहते थे कि मैं कभी भी उनके साथ वैसा व्यवहार करूं जैसा वे दादाजी के साथ कर रहे थे.



अगली शाम डिनर के समय पिताजी ने दादाजी का हाथ पकड़ा और उन्होंने दादाजी को खाने की मेज पर मेरी बगल में बैठाया. अब अगर दादाजी कुछ गिराते या उनका चम्मच ज़मीन पर गिरता तो हम लोग सिर्फ उसे उठाते, पर अपना भोजन खाना ज़ारी रखते. मुझे दादाजी की मदद करना बहुत अच्छा लगा, क्योंकि जब आप किसी व्यक्ति से प्यार करते हैं, तो आप उसकी मदद करना चाहते हैं, उसे चोट पहुँचाना नहीं चाहते हैं.



The next evening dt dinner. Dad led Grandfather by his hand and sat him I next to me at the dinner table where he has joined-us ever since. When grandfather spills something or drops something, we all Just pick it up and go on with dinner. I don't mind helping Grandfather, because when you love someone, you want to help them, not hurt them.